तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 4 जुलाई 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

12 बच्चों को बेहतर शिक्षा देने से होगा समाज व देश का विकास : देवधन



KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

अंSH COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.Sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## सरगुजा में सर्पदंश के सर्वाधिक मामले, समय पर उपचार से बचाई जा सकती है जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही सर्पदंश के मामलों में वृद्धि आनी शुरू हो गई है। अंचल से प्रतिदिन सांप के काटने से लोगों के मौत की सूचनाएं आ रही है। इन सब के बीच विशेषज्ञों का कहना है कि सही समय पर उपचार व सूझबूझ से मरीजों की जान बचाई भी जा सकती है। सर्पदंश के बाद लोगों द्वारा बरती गई सावधानियों की वजह से 1103 लोगों की जान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तीन वर्षों में बचाई गई है। बता दें कि भीषण गर्मी के बाद बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही सर्पदंश के मामलों में तेजी से इजाफा होता है। सरगुजा के वनांचल क्षेत्रों में बारिश के मौसम में हर दिन चार से पांच सर्पदंश के केस अस्पताल पहुंचते है। वैसे तो वर्षभर सर्पदंश के मामले सामने आते है लेकिन जून से लेकर सितंबर माह के बीच ही सर्वाधिक सर्पदंश के मरीज मिलते है और इनमें से ज्यादातर मरीजों की जान भी अस्पतालों में बचाई जा रही है। इसका प्रमुख कारण है समय पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाना। आमतौर पर देखा गया है कि सांप काटने के बाद लोग सांप के पीछे भागने लगते है और उसे पकड़ने या मारने का प्रयास करते है। सरगुजा में भी इस तरह के मामले सामने आए है जब युवक ने सांप काटने पर उसके पकड़कर सिर को ही चबा दिया जिसके बाद उसकी मौत हो गई। आंकड़ों पर नजर डाले तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वर्ष 2022 में 698 सर्पदंश के मरीज आए जिनमें से सिर्फ 26 मरीजों की मौत हुई। इसी तरह तरह वर्ष 2023 में सर्पदंश के 385 मरीज आए जिनमें से सिर्फ 7 मरीजों की मौत हुई है वहीं इस वर्ष जनवरी से 28 जून की स्थिति में 53 मरीजों की जान बचाई गई। ऐसे में अधिकारियों का कहना है कि समय रहते अस्पताल पहुंचने और सही उपचार से सर्पदंश के मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

### विशेषज्ञों ने कहा - सांप काटे तो उसके पीछे ना भागे और ना ही दर्द कम करने शराब पिलाएं, तीन वर्षों में 1103 की बची जान

#### इस बातों का रखें ध्यान

मेडिकल कॉलेज अस्पताल की चिकित्सक डॉ. स्मिता परमार बताती है कि सांप के काटने पर मरीज को आराम से लिटा दें और अगर उसने किसी प्रकार की अंगूठी, घड़ी या कोई भी ऐसी चीज पहनी है जिससे शरीर में कसावट होती है तो उसे हटा दें क्यों कि इससे सांप काटने वाले स्थान पर सूजन आने लगता है। इसके साथ ही सांप काटने पर लोग अक्सर उस स्थान को कपड़े या रस्सी से बांध देते है इससे सूजन होने की स्थिति में गैंगरीन होने की संभावना बढ़ जाती है। सिर्फ न्यूरोटोक्सिन सांप रसल वाइपर, कोबरा या करैत के काटने पर उस स्थान को कपडे से बांधना है। सांप ने जिस स्थान पर काटा है उसे साबुन पानी से धोने के बाद कपड़े से ढंक दे और तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में पहुंचे। इसके साथ ही ज्यादातर ग्रामीण सांप काटने के बाद दर्द कम करने के लिए शराब पीकर आते है ऐसे में यह अंतर करना मुश्किल हो जाता है कि मरीज को सांप काटने से नशा है या फिर शराब का नशा है इस लिए सांप काटने पर शराब का नशा नहीं करें। उन्होंने कहा कि अधिक दर्द होने पर सिर्फ पैरासीटामोल ले सकते है शेष बाकी दवाओं का साइड इफेक्ट हो सकता है।

#### मरीज को सामान्य रखने की जरूरत

आम तौर पर सिर्फ 20 प्रतिशत सांप में ही जहर होता है लेकिन ज्यादातर मामलों में बिना जहर वाले सांप के काटने के बाद भी डर के कारण लोगों की तबियत बिगड़ जाती है। ऐसे में डॉ. स्मिता परमार का कहना है कि सांप काटने पर मरीज को डरने की जरूरत नहीं है। मरीज को आराम से लिटाने के बढ़ इस बात का ध्यान रखें कि उसे डराया नहीं जाए क्यों डरने से घबराहट होती है और मरीज की स्थिति बिगड़ती है। इसके साथ ही सांप काटने के स्थान पर बर्फ नहीं लगाना चाहिए और ना ही सांप काटने के बाद किसी प्रकार का चीरा लगाकर खून चूसकर जहर निकालने की कोशिश करनी चाहिए। कई मामलों में यह भी देखा गया कि सांप काटने पर लोग अक्सर लक्षण आने का इन्तजार करते है जिसे लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि सांप काटने पर तत्काल चिकित्सक के पास जाना चाहिए बाकी अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सक तय करेंगे कि उपचार की आवश्यकता है या नहीं।

#### मच्छरदानी का उपयोग बचा सकता है जान

विशेषज्ञ चिकित्सक व नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र गुप्ता का कहना है कि सरगुजा में सर्वाधिक मामले करैत सांप के काटने के आते है। करैत सांप ज्यादातर रात को निकलते है और लोग सोते समय इसके शिकार हो जाते है। अक्सर इस सांप के काटने का पता नहीं चल पाता है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र में इस मौसम में विशेष रूप से मच्छरदानी लगाकर सोना चाहिए इसके साथ ही रात को चप्पल पहनकर ही बाहर निकलना चाहिए। इससे सर्पदंश की घटनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### एक वर्ष पूर्व हुई थी क्षतिग्रस्त, मरम्मत नहीं होने से एक इस बार एक फिर और धंसी

## पहली बारिश में दबने से जानलेवा हुई डोमनी नाला की पुलिया, भारी वाहनों का आवागमन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

एक वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हुई डोमनी नाला की पुलिया मरम्मत के आभाव में इस बार पहली बारिश भी नहीं झेल पाई। पुलिया पहले से नीचे की ओर झुक गई थी और इस बार पुनः पुलिया एक फिट नीचे चली गई है। हालांकि पुलिया मिट्टी, मुरुम और बालू भरकर इसे बराबर किया गया है लेकिन इसपर सिर्फ दो पहिया वाहनों का आवागमन हो सकता है। वहीं अत्यधिक बारिश होने पर पुलिया कभी भी टूट जाएगी और आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो जाएगा।

**खास बात**

- मिट्टी मुरुम, व बालू डालकर दो पहिया वाहन कर रहे आवागमन

बता दें कि विकासखंड के ग्राम रजपुरी, परसा, ढेकीडोली, बगडोली, सहनपुर, बटईकेला, महेशपुर, नकना, बिरिमकेला के गांव के लोग डोमनी नाला से जान जोखिम में डालकर आवागमन करते थे बाद में तीन दशक पूर्व इस मार पर रजपुरी के डोमनी नाला में पुलिया का निर्माण कराया गया था। पुलिया निर्माण होने के बाद लोगों की मुसीबत दूर हुई और लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिली थी। इस पुलिया ने गांव और शहर के बीच की दूरी भी काफी कम कर दी थी। जिसकी वजह से दर्जनों गांव के लोगों के ब्लॉक मुख्यालय तक जाने की राह आसान हो गई थी। इस बीच रखरखाव के अभाव में पुलिया जर्जर होने लगी थी। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण पुलिया बदहाली के कगार पर जा पहुंचा। इसके अलावा आवागमन का बढ़ता दबाव भी दशकों पुरानी पुलिया नहीं झेल पाई ऐसे में विगत वर्ष ही पुलिया का एक हिस्सा नीचे झुक गया और पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया ऐसे में यह पुलिया जर्जर हालत में पहुंची गई। क्षतिग्रस्त पुलिया के मरम्मत के नाम पर मिट्टी, मुरुम और बालू डालकर झुके हुए हिस्से को बराबर कर दिया गया लेकिन पुलिया अतिरिक्त वजन नहीं सह पाई और धीरे धीरे कमजोर होती चली गई। यही वजह है कि इस बार पहली बारिश के बाद पानी के बहाव में पुलिया एक फिट और नीचे धंस गई है और दो हिस्सों में बंट गई है। ऐसे में आने वाले समय में पानी के तेज बहाव को झेलने की स्थिति में यह पुलिया अब नहीं है और अगर ऐसा होता है तो दर्जनभर गावों में रहने वाले लोगों की मुसीबत बढ़ जाएगी। पुलिया धंसने के बाद फिर से मिट्टी मुरुम डालकर खानापूर्ति कर दी गई है लेकिन बारिश में पुलिया के टूटने की संभावना बढ़ गई है।



डोमनी नाला की जर्जर पुलिया।

#### लम्बी दूरी तय करने को मजबूर

पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बाद कोई संकेतक नहीं लगाया गया है। पुलिया धंसने के बाद सिर्फ दो पहिया वाहन के चालक ही अपनी जान जोखिम में डालकर इस पर से आवागमन कर रहे है। शेष चार पहिया वाहन चालकों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है। रजपुरी, सहनपुर व अन्य गांव के चार पहिया वाहन चालक तेलईधार, बमलाया होते हुए एनएच 43 मुख्य मार्ग पर निकलते है। ऐसे में उन्हें छह किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। पुलिया क्षतिगस्त होने की स्थिति में स्कूल बस भी गांव तक नहीं पहुंच रही है। बसों को पुलिया के दूसरी तरफ खड़ा कर दिया जाता है और अभिभावक बच्चों को पैदल ही लेकर खतरनाक हो चुके पुलिया को पार करते है।

#### मिली थी दो करोड़ की स्वीकृति

बता दें कि पूर्व में इस पुलिया का निर्माण जल संसाधन विभाग द्वारा कराया गया था लेकिन एक वर्ष पूर्व जर्जर हो चुकी पुलिया के मरम्मत को लेकर विभाग ने बजट नहीं होने का हवाला देकर अपने हाथ खड़े कर दिए थे। ऐसे में पूर्व सरकार में लगभग दो करोड़ रुपए की स्वीकृति पुलिया मरम्मत के लिए की गई थी लेकिन स्वीकृति के बाद भी मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया। अब पुलिया पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है और इसके मरम्मत में बड़ी लागत लगेगी। इधर पुलिया के क्षतिग्रस्त होने पर भाजपा नेता व पूर्व जिपं प्रभात खलखो ने कलेक्टर समेत एसडीएम को ज्ञापन सौंप पुलिया के हालात से उन्हें अवगत कराया है। उन्होंने बारिश में पुलिया बहने की आशंका जताते हुए क्षतिग्रस्त पुलिया मरम्मत कराने की मांग की है ताकि लोगो का आवागमन बाधित ना हो सके।

#### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

पुलिया की हालत से पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। अब इस पुलिया के मरम्मत का कार्य पीएमजीएसवाई द्वारा कराया जाएगा।

-रवि राही, एसडीएम

## दुकान लेने के बाद नहीं पटा रहे थे किराया, एसडीएम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

दुकान लेने के बाद किराया और अनुबंध राशि जमा नहीं करने वाले दुकान संचालकों पर आज प्रशासन ने कार्रवाई की है। प्रतीक्षा बस स्टैंड व आरईएस कालोनी में मौजूद नगर पंचायत की दस दुकानों को एसडीएम की मौजूदगी में सील कर दिया गया है। इनमें से दो दुकानों पर विगत तीन वर्षों से जबरन कब्जा करके रखा गया था। वहीं तीन दुकानों के संचालकों द्वारा तीन दिन की मोहलत मांगी गई है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत द्वारा लगभग 12 वर्ष पूर्व प्रतीक्षा बस स्टैंड में 19 दुकानों का आबंटन किया गया था। दुकान निर्माण के दौरान जारी की गई निविदा में हिस्सा लेने वाले 11 दुकान संचालकों द्वारा ना ही अनुबंध की पूरी राशि जमा की गई और ना ही किराया का भुगतान किया जा रहा था। दुकानदारों पर एक लाख से बारह लाख तक का बकाया था। ऐसे में यह राशि 53 लाख रुपए तक पहुंच गई थी। नगर पंचायत द्वारा दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया गया लेकिन नोटिस का भी इनपर असर नहीं हुआ। आज प्रशासन द्वारा इन दुकान संचालकों पर सख्ती से कार्रवाई की गई। एसडीएम रवि राही व नगर पंचायत के सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा के मौजूदगी में प्रशासनिक टीम द्वारा दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। टीम द्वारा बस स्टैंड में संचालित 8 दुकानों को सील किया गया। इसके साथ ही नगर के आरईएस कालोनी में भी नगर पंचायत की दो दुकानों पर संचालकों ने कब्जा करके रखा था और दुकान किराया व अनुबंध की राशि जमा नहीं कर रहे थे। ऐसे में टीम ने आज इन दो दुकानों को खाली करने के बाद सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान तीन दुकानों के संचालकों ने तीन दिन की मोहलत राशि के भुगतान हेतु मांगी है ऐसे में टीम द्वारा उन्हें तीन दिनों के भीतर राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। नगर पंचायत व एसडीएम की कार्रवाई से नगर में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में एसडीएम रवि राही ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा प्रतीक्षा बस स्टैंड में आबंटित की गई दुकानों को किराए जमा नहीं करने के अभाव में सील किया गया है। वही आरईएस कॉलोनी के पास दो दुकानों को कब्जा मुक्त कराते हुए सील किया गया।

- बस स्टैंड की आठ व आरईएस कालोनी के समीप संचालित दो दुकानों पर की गई कार्रवाई





### खबर संक्षेप

#### शराब पीकर चलाया वाहन, कोर्ट ने लगाया दस हजार का जुर्माना

**राजपुर।** शराबी बोलेरो चालक पर कोर्ट ने 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। बता दें कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा नियमित रूप से वाहनों की जांच की जा रही है। इस दौरान बुधवार की शाम वाहन चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने बोलेरो क्रमांक सीजी 15 सीएस 5967 को रोककर चालक की जांच की। जांच के दौरान कुसमी त्रिपुरी बरिपाठ निवासी महावीर आ. नगरनाथ राम नशे की हालत में वाहन चलाते पाया गया। ऐसे में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने वाहन चालक का चिकित्सकीय परीक्षण कराया तथा शराब की पुष्टि होने पर एमबी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने वाहन चालक पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

## महावीरगंज समिति से 1.14 करोड़ का धान गायब, 12 लोगों पर अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के रामानुजगंज अंतर्गत महावीरगंज स्थित सहकारी समिति से 3576 क्विंटल धान गायब होने का मामला सामने आया है। समिति से 1 करोड़ 14 लाख रूप का धान गायब होने की बात कही जा रही है। समिति से धान गायब होने के मामले में जांच के बाद समिति प्रबंधक समेत 12 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

- समिति में 3576 क्विंटल धान मिला कम

गायब धान की कीमत एक करोड़ 14 लाख रुपए बताई गई है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के महावीरगंज स्थित धान उपार्जन केंद्र विजयनगर में 1 नवंबर 2023 से 5 फरवरी 2024 तक समर्थन पर कुल 77643.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। धान खरीदी के बाद कुल 74066.82 क्विंटल धान का उठाव किया गया। उठाव के बाद समिति में धान शेष नहीं बचा। ऐसे में विजयनगर धान उपार्जन केंद्र में धान की कमी होने पर अधिकारी बी तिर्की द्वारा मामले की जांच की गई और जांच प्रतिवेदन के अनुसार खरीदी प्रभारी मंजर अंसारी ने 9491.20 क्विंटल धान खरीदी की और 9491.20 क्विंटल धान का उठाव किया गया। खरीदी केंद्र प्रभारी बदले जाने के बाद आरिफ अंसारी ने कुल 68152.40 क्विंटल धान खरीदी की और 64576.22 क्विंटल धान का उठाव कराया गया जबकि शेष 3576.18 क्विंटल धान का आरिफ अंसारी ने उठाव नहीं कराया। धान कम मिलने पर खाद्य अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन के साथ मामले की शिकायत 1 जुलाई को रामानुजगंज थाने में शिकायत की गई थी। शिकायत में खरीदी केंद्र प्रभारी आरिफ पंसारी सहित फड़ प्रभारी मतीन और कर्मचारी जियाउल अंसारी, संतोष यादव, सुनील, दिनेश, सकेन्द्र, महबूब, संतू लाल, अवधेश, शिवकुमार और बारदाना प्रभारी गुलाब सिंह पर गबन का आरोप लगाया गया। समिति से गायब 3576.18 क्विंटल धान की कीमत 1 करोड़ 10 लाख 86 हजार 158 रुपए और 12 हजार 983 नग बारदाना की कीमत 3 लाख 24 हजार 575 रुपए समेत कुल राशि 1 करोड़ 14 लाख 10 हजार 733 रुपए लगाई गई है। पुलिस ने सभी 12 आरोपियों के खिलाफ धारा 409 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## धोखे से ग्रामीण की भूमि को पटवारी ने कराया पत्नी के नाम

**अंबिकापुर।** ग्रामीण की भूमि को अपनी छलपूर्वक अपनी पत्नी के नाम रजिस्ट्री कराने के मामले में कलेक्टर ने कार्रवाई की है। जांच में पटवारी द्वारा बिना पैसे दिए एग्रीमेंट कराने की पुष्टि होने पर एसडीएम ने पटवारी को निलंबित कर दिया है। बता दें कि मंगलवार को जनदर्शन के दौरान लुंड्रा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जिवलिया निवासी मोहित राम ने कलेक्टर से शिकायत की थी कि पटवारी शिवराम एक्का ने उसकी जमीन को छलपूर्वक अपनी पत्नी के नाम रजिस्ट्री करा लिया गया और उसे जमीन का पैसा भी नहीं दिया गया। इसके अतिरिक्त राजस्व निरीक्षक रघुनाथपुर, तहसील-लुंड्रा के प्रतिवेदन मय पंचनामा अनुसार पटवारी हल्का नंबर 16 डकई में पदस्थ उक्त पटवारी द्वारा कार्यालयीन समय में अक्सर कार्यालय में नहीं रहते है और ग्रामवासियों के आम समस्याओं के निराकरण में रूचि नहीं लेते है। वहीं पटवारी पर सीमांकन प्रतिवेदन लंबित रखने, साथी राजस्व निरीक्षक से अनर्गल वाद विवाद करने, शासन व उच्च कार्यालय को भेजी जाने वाली जानकारियों को प्रस्तुत करने में अक्सर विलंब करने तथा ग्रामसभा के आयोजन में अनुपस्थित रहने की बात कही गई थी। इस मामले में कलेक्टर ने धौरपुर एसडीएम नीरज कौशिक को जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान यह पुष्टि हुई कि पटवारी द्वारा छल कपट कर मोहित राम की भूमि को बिक्री हेतु अपनी पत्नी के नाम रजिस्ट्री कराया गया और उसे पैसे नहीं दिए गए। पटवारी शिवराम एक्का, हल्का पटवारी द्वारा किया गया उक्त कृत्य शासकीय सेवकों के आचरण के विपरीत होते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा के सर्वथा विपरीत होने के साथ ही दण्डनीय है। ऐसे में एसडीएम धौरपुर ने कार्रवाई करते हुए उक्त पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय लुण्ड्रा नियत किया गया है।

- एसडीएम ने जांच उपरान्त किया निलंबित

### दलदल में तब्दील, बढ़ी लोगों की परेशानी, 89.98 करोड़ से कराया जा रहा है निर्माण

## एक साल में नहीं बन पाई प्रतापपुर को जोड़ने वाली 29 किमी की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बलरामपुर को सूरजपुर से जोड़ने वाली राजपुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य में की गई लेटलतीफी और लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बीच बीच में छोड़ी गई कच्ची सड़क बारिश के मौसम में दलदल में तब्दील हो गई है और लोगों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी सड़क निर्माण की गुणवत्ता व लेटलतीफी को लेकर ठेकेदार पर आरोप लगा रहे है। बता दें कि बलरामपुर जिले को सूरजपुर जिले से जोड़ने वाली राजपुर प्रतापपुर मुख्य मार्ग की सड़क पर डामरीकरण व चौड़ीकरण के लिए 89 करोड़ 98 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी व सड़क निर्माण का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिया गया। 29.20 किमी लम्बी सड़क पर 7 मीटर डामरीकरण,सड़क के दोनों ओर डेढ़ डेढ़ मीटर साइड सोल्डर, 1200 मीटर की नाली, 77 छोटे बड़े पुलिया का निर्माण किया जाना था। सड़क निर्माण का कार्य 5 अप्रैल 2023 को भूमिपूजन के साथ शुरू किया गया लेकिन एक वर्ष का समय बीतने के बाद भी महज 29 किमी सड़क का काम पूर्ण नहीं हो पाया। ठेकेदार की लापरवाही व अधिकारीयों की लापरवाही व कछुआ गति से चल रहे काम के कारण अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। निर्माणाधीन सड़क पर राजपुर से गोपालपुर मुरका के बीच कई जगहों पर ठेकेदार द्वारा सड़क खोदकर छोड़ दिया गया जिससे सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। सड़क सड़क में बीच-बीच में कई स्थानों पर टायरिंग भी की गई है लेकिन गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण पहली बारिश में ही सड़क जगह जगह से उखड़ने लगी है। यह सड़क प्रतापपुर को राजपुर से जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग है जिसपर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है लेकिन सड़क निर्माण को लेकर विभाग के अधिकारी गंभीर नही है। धीमी गति से चल रहे निर्माण बारिश में कीचड़ में तब्दील सड़क पर लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। इस मामले में ग्राम पंचायत नवकी के सरपंच गौरीशंकर नेताम का कहना है कि सड़क निर्माण में लापरवाही की गई और गुणवत्ताहीन काम किया गया है। निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चला और एक माह में 29 किमी सड़क नहीं बन पाई। इस मार्ग से प्रतिदिन सैड़कों वाहनों का आवागमन होता है साथ ही बच्चे स्कूल कॉलेज जाते है।



#### दिए गए है निर्देश

निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। ठेकेदार को निर्देशित किया गया है कि जहां समस्या आ रही है वहां फिलहार गिट्टी डाली जाए।

-जेके तिग्गा, एसडीओ लोनिवि



## खबर संक्षेप

### डॉ.महेश-प्रभात को मिलेगा राष्ट्रीय गौरव अवार्ड

**बैकुण्ठपुर।** सामाजिक संस्था एंटी करप्शन मूवमेंट द्वारा कोरिया के लांस नायक डॉ.महेश मिश्रा और प्रभात दास को राष्ट्रीय गौरत सम्मान दिया जाएगा। इस वर्ष 14 जुलाई को सुबह 10 बजे चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के अटल भवन में सम्मान समारोह होगा। संगठन पिछले 8 साल से युवाओं को स्वच्छ, स्वस्थ तथा भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण को लेकर जागरूक कर रहा है। जागरूक और प्रेरित करने के लिए हर साल अवार्ड से सम्मानित करता है।

### दादा भाई क्लब के 3 खिलाड़ी चयनित

**बैकुण्ठपुर।** दादा भाई क्लब बैकुण्ठपुर कोरिया के छग के फुटबाल क्लब से 3 खिलाड़ियों का यू-19 जिला के टीम में चयन हुआ है। ऑल इंडिया फुटबाल फेडरेशन हर साल आयु कटेगरी का नेशनल खेल का आयोजन कराता है।

## पर्यटन के मानचित्र पर तेजी से उभरेगा: राजवाड़े

# अब कोरिया टूरिज्म क्लब कहलाएगा झुमका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में झुमका वॉटर टूरिज्म सोसायटी की सामान्य सभा की बैठक में विधायक भईयालाल राजवाड़े की उपस्थिति और कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ाने के उद्देश्य से सहमति दी गई।

कलेक्टर श्री लंगेह ने जानकारी दी कि झूमका वॉटर टूरिज्म सोसायटी का नाम बदलकर अब कोरिया टूरिज्म क्लब रखा गया है। इस परिवर्तन के पीछे उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि कोरिया जिले में प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

प्रकृति की गोद में बसे इस जिले में कई जलप्रपात, बालम पहाड़, रॉक पेंटिंग, घौरघाट, घुनघुट्टा, गेज, टेड़िया बांध, गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व, कर्क रेखा और आईएसटी मेरिडियन का संगम जैसे स्थल हैं, जो काफी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। विधायक श्री राजवाड़े ने उम्मीद जताई कि कोरिया तेजी से पर्यटन के मानचित्र पर उभरेगा। उन्होंने इसके लिए समन्वित रणनीति और जनभागीदारी से कार्य करने पर जोर दिया। श्री राजवाड़े ने कहा कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले कोरिया में पहाड़, झरना, राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिजर्व होने से पर्यटक सैलानी काफी संख्या में पहुंचेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि झुमका वॉटर टूरिज्म सोसायटी द्वारा निविदा पर दिए गए कैफेटेरिया, पार्किंग, फिश एक्वेरियम के अनुबंध समाप्त हो गए हैं, जिन्हें नए अनुबंध शीघ्र किए जाएंगे। झुमका बोट क्लब के संचालक द्वारा समय पर वार्षिक किराया राशि जमा नहीं करने और अनुबंध की अन्य शर्तों का पालन नहीं करने के कारण अनुबंध निरस्त कर नई निविदा प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया।





पर्यटन स्थल झूमका का मनोरम दृश्य।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कोरिया को प्रकृति ने अनुपम उपहार दिया है और यहां के पर्यटन क्षेत्र में स्थानीय लोगों को बेहतर रोजगार मिले, इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। झुमका डेम में बहुत जल्दी ही शिकारा बोट भी आम लोगों के लिए शुरू की जाएगी, ताकि प्रदेश व देश के पर्यटक बड़ी संख्या में इसका आनंद उठा सके। उन्होंने कोरिया मिलेट्स कैफे के बारे में जानकारी दी कि यह कैफे कम समय में ही कोरियावासियों को सेहतमंद स्वादिष्ट भोजन परोसने में सफल रहा है और बड़े महानगरों की तर्ज पर सुविधाएं मुहैया कराने में अग्रणी रहा है।



नारेबाजी करते कार्यकर्ता।

# राहुल के बयान पर हिन्दू सभा ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

राहुल गांधी के हिन्दू समाज को हिंसक कहने के बयान पर जिले में सियासी बवाल मचा हुआ है। इस मुद्दे को लेकर हिन्दू सभा द्वारा गांधी चौक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंक कर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

- गांधी चौक में किया विरोध प्रदर्शन

कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के पुतले को चौक में रखकर नारे लगाए। सभी वक्ताओं ने संसद में राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए राहुल गांधी से सार्वजनिक तौर पर हिंदुओं से माफी मांगने और इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर हिंदू सभा के सुदर्शन अग्रवाल, रामचरित द्विवेदी, सरजू यादव, अधि.आशीष सिंह, दिनेश्वर मिश्रा, विवेक अग्रवाल, महेन्द्र प्रताप सिंह, रामधुन जायसवाल, वीरेन्द्र सिंह राणा ,अधि. राजकुमार गुप्ता, रतन केशरवानी, रवि सिंह, आनंद ताम्रकार, अपूर्वकर, तुलसी महाराज, जयंती यादव, जेके सिंह, श्याम बिहारी रैकवार, गंभीर सिंह खनूजा, रामलखन शर्मा, श्यामा सेन, जया कर, अनुपमा निशि, अलका गांधी, गीता पासी, उर्मिला राव, अंजना विश्वकर्मा, अल्का विश्वकर्मा, मीनू सिंह, कला बाई, रीना वर्मन, प्रवीण सिंह, रेखा गुप्ता, मीनू मन हरे, स्वाति मिश्रा, कंचन भौमिक, पूजा घोषाल, संध्या गुप्ता, अर्चना गुप्ता, साधना केवट, पार्वती सेन, अंजनी विश्वकर्मा, मीरा कचेर सहित काफी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

अपील रा.प्र.क्र. 202301021800026/41/अ6/2022-23

:: सूचना ::

1- श्रीमती गीता पुत्री स्व. मोतीलाल गोलदार, निवासी ग्राम कमलपुर, तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर, छ.ग. ?
2- श्रीमती पुष्पा पुत्री स्वा. मोतीलाल गोलदार, निवासी ग्राम डिगमा, नेहरूनगर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.
--------अपीलार्थीगण

प्रति

1- श्रीमती ज्योत्सना पत्नी स्व. शंकर गोलदार,
2- श्रीति आ. स्व. शंकर गोलदार,
3- निशा आ. स्व. शंकर गोलदार, सभी निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. --------
उत्तरवादीगण

प्रति,

1- श्रीमती ज्योत्सना पत्नी स्व. शंकर गोलदार,
2- श्रीति आ. स्व. शंकर गोलदार,
3- निशा आ. स्व. शंकर गोलदार, सभी निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ.ग.

--000--

अपीलार्थीगण के द्वारा न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के रा.प्र.क्र. 202011020700104/अ6/ 2020-21, गीता रानी बाईन प्रति ज्योत्सना वगैरह में पारित आदेश दिनांक 16.11.2022 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण दिनांक 24.07.2024 को उत्तरवादी क्रमांक 02, श्रीति आ. स्व. शंकर गोलदार, उत्तरवादी कमांक 03 निशा आ. स्व. शंकर गोलदार, सभी निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी, अम्बिकापुर के उपस्थिति हेतु नियत है।

इस सूचना पत्र के माध्यम से उत्तरवादी क्रमांक 02, श्रीति आ. स्व. शंकर गोलदार, उत्तरवादी कमांक 03 निशा आ. स्व. शंकर गोलदार, सभी निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में दिनांक 24.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में सुनवाई हेतु उपस्थिति रहें। उक्त तिथि एवं समय पर इस न्यायालय में उपस्थित नहीं रहने की स्थिति में यह माना जावेगा कि उन्हें प्रस्तुत अपील में कुछ नहीं कहना है। प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 28.03.2023 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अम्बिकापुर, सरगुजा

न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर, छत्तीसगढ़

रा.प्र.क्र. 2024022621000 अ-19/2023-24

पलास राय प्रति छ.ग. शासन

//ईश्तहार//

सर्वसाधारण ग्राम गणेशपुर तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पलास राय आ. राकेश कुमार राय निवासी ग्राम गणेशपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर छ.ग द्वारा ग्राम गणेशपुर तहसील लटोरी स्थित भूमि पुराना खसरा नम्बर 203/1 में से रकबा 0.607 एकड़ भूमि का न्यायालय तहसीलदार के रा.प्र.क्र. 41 अ-19/1982-83 आदेश दिनांक 04.01.1983 अनुसार राकेश कुमार आ. रमेश चन्द्र राय को शासन से पट्टे पर प्राप्त भूमि है। उक्त आवेदित भूमि खसरा नम्बर 1003/1 रकबा 0.41 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर खाते में दर्ज है। आवेदित भूमि का शासकीय पट्टा प्राप्त होने के कारण शासकीय पट्टा से भूमि स्वामी पट्टा प्रदाय करने हेतु छ.ग. राजपत्र में प्रकाशित राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर दिनाक 29 मार्च 2023 के अनुसार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र खसरा, बी-1, की नकल एवं किसान किताब की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही किया जा रहा है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 24/07/2024 तका स्वतः उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
लटोरी
जिला-सूरजपुर छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार पिलखा क्षेत्र विश्रामपुर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर छ.ग.

202405261200020 अ-21/2023-2024

//ईश्तहार//

सर्व साधारण ग्रामवासी निवासी ग्रांम हर्राटिकरा को सूचित किया जाता है आवेदक/ विक्रेता पुनित दास आ. भुवन दास जाति पनिका निवासी ग्राम हर्राटिकरा तहसील लटोरी जिला सूरजपुर के द्वारा ग्राम हर्राटिकरा स्थित भूमि ख0न0 259/4 रकबा 0.04 हे. व्यपवर्तित भूमि में से रकबा 0.02 हे. 4 डिसमिल भूमि को 360000/-तीन लाख साठ हजार रूपये में अनावेदिका क्रेता रजनी देवी राजवाड़े पति राजनंदन राजवाडे. जाति रजवारं निवासी ग्राम कुंजनगर से सौदा तय होने पर अनावेदिका क्रेता के पक्ष में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र माननीय कलेक्टर महोदय सूरजपुर के पृष्ठांकन क्र. 62/वाचक/2024 सूरजपुर दिनांक 21.02.2024 के माध्यम से प्राप्त आवेदन में जांच प्रतिवेदन की कार्यवाही पूर्ण कर प्रतिवेदन सहित प्रस्तुत किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जिसमें कार्यवाही किया जा रहा है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 16-07-2024 को उपस्थित हो कर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02-07-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
पिलखा क्षेत्र बिश्रामपुर
जिला-सूरजपुर

# जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 10 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों को बारकी से समीक्षा करते हुए बैकुंठपुर, सोनहत, पटना, पोड़ी-बचरा तहसीलदारों, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान तत्काल करें,ऐसी कोई प्रकरण हो, जिसमें विभाग स्तर पर अधिक समय लगे तब ऐसी स्थिति में आवेदक को जानकारी भी दें। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले, इसके लिए व्यापक तौर पर विभागों द्वारा प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने आगामी 10 जुलाई को जिले में शुरू होने वाले जन समस्या निवारण शिविर के बारे में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन



अधिकारियों सहित सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि उक्त तिथि में उपस्थित रहें तथा विभागवार स्टॉल भी लगाया जाए। कलेक्टर श्री लंगेह ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गांव-गांव में, सरपंच-पंच, सचिव, कोटवारों आदि के माध्यम से आम लोगों को जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों को बारीकी से अध्ययन करने के साथ उसी अनुरूप में कार्य करने कहा गया। विदित हो कि जनसमस्या निवारण शिविर सुबह 10 से प्रारंभ होगी। इसमें जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिकग भी शामिल होंगे। समय-सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, जल जीवन मिशन, धान का उठाव, खाद-बीज, आदि प्रमुख विषयों की समीक्षा की।

### सड़कों से आवारा मवेशियों को तत्काल हटाएं

कलेक्टर ने बैकुंठपुर एवं सोनहत तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों में घुमंतू पशुओं को रोकथाम के लिए तत्काल कार्रवाई करें। पशुपालन विभाग के अधिकारियों के पशुओं के गले में कॉलर बेल्ट व सींग में रेडियम लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लगातार सड़कों में मवेशियों का डेरा जमा रहता है, इससे कभी जन-धन की हानि होने की आशंका बनी होती है। कई बार निर्देश देने के बावजूद हटाने की कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। कलेक्टर ने अधिकारियों को दो टूक निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों से आवारा जानवरों, मवेशियों को हटवानें की कार्रवाई करें, धरपकड़ की जाए, पशुपालकों से अर्थदंड वसूली की जाए, पशुपालकों को समझाने के बावजूद पशुओं को पुनः सड़कों में छोड़ते हैं, तब ऐसे पशुपालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं।

# नए जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान करेगा यूनिसेफ

**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए यूनिसेफ को आमंत्रित किया है। इस सहयोग के तहत यूनिसेफ मुख्य रूप से नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा।

जुलाई 2024 से जुलाई 2026 तक की इस द्विवर्षीय कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में इस परियोजना का वृहद क्रियान्वयन किया जाएगा। यूनिसेफ मुख्य रूप से नवनिर्मित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में न केवल स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा,बल्कि स्वास्थ्य एवं पोषण को प्रभावित करने वाले अन्य घटकों जैसे शिक्षा, स्वच्छता, बाल संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी कार्य करेगा, बल्कि स्वास्थ्य ,जिला स्तर पर सभी विभाग उचित वित्तीय एवं प्रशासनिक सहयोग प्रदान करेंगे। इस परियोजना के माध्यम से सरगुजा संभाग विशेषकर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यों को गति मिलेगी।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते: विनय

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सेवा अवधि पूर्ण कर लेने वाले आठ कर्मचारियों को पेंशन आदेश के साथ शाल एवं श्रीफल भेंटकर जीवन के अगले पड़ाव के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सेवानिवृत्त होना हर अधिकारी-कर्मचारी के लिए एक सतत प्रक्रिया है। इसके बावजूद मेरा मानना है कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। उनकी ज्ञान,अनुभव और शिक्षा समाज के हर वर्गों के लिए आवश्यक होते हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने शिक्षा-शिक्षा-समाज पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों में विकास की नींव को मजबूत करने के साथ शिखर पर ले जाने वाले शिक्षक ही होते हैं। विदित हो कि सेवानिवृत्त होने के तीन माह पूर्व ही पेंशन प्रक्रिया धन्यवाद पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर के निर्देशानुसार पेंशन प्रकरणों की समीक्षा एवं निगरानी की जाती है। संयुक्त संचालक लाजुस मिंज, कोष लेखा एवं पेंशन अंबिकापुर के मार्गदर्शन में जिला कोषालय अधिकारी पदमाकर सिंह परिहार द्वारा धन्यवाद पोर्टल के माध्यम से पेंशनरों को उनके पेंशन प्रकरण की वर्तमान स्थिति से निरंतर अवगत कराया जाता है। इसी कड़ी में 2 जुलाई को जिला कोषालय अधिकारी श्री परिहार ने बताया कि माध्यमिक शाला बुड़ार में पदस्थ शिक्षक बसंत लाल कुशवाहा, प्राथमिक शाला नरकेली में पदस्थ प्रधान पाठक मैन प्रसाद सिंह, पूर्व माध्यमिक कन्या शाला बुड़ार में पदस्थ प्रधान पाठक श्यामलाल राजवाडे, माध्यमिक शाला सरडी में पदस्थ प्रधान पाठक संतलाल राजवाड़े, माध्यमिक शाला जामपानी में पदस्थ प्रधान पाठक श्यामलाल कुर्रे, प्राथमिक शाला पुलिस लाइन बैकुंठपुर में पदस्थ प्रधान पाठक एजाज अहमद सिददीकी, हाईस्कूल पुसला में पदस्थ व्याख्यता लंबोदर प्रसाद जायसवाल के अलावा स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ लेखापाल रामनारायण को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर विदाई दी गई।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने डेयरी दुकानों का किया निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर छग के निर्देशानुसार डेयरी दुकानों का सतत एवं सघन निरीक्षण किया जा रहा है। मिलावट की आशंका के मद्देनजर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता एवं उनकी टीम द्वारा मेसर्स श्री कृष्णा डेयरी अग्रवाल लॉज रोड मनेन्द्रगढ़ से पनीर और मेसर्स हनुमान डेयरी फार्म, वार्ड नंबर 17 जेकेडी रोड मनेन्द्रगढ़ से गाय का दूध का विधिक नमूना जब्त कर परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर से परीक्षण विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और नियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह कदम उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उठाया गया है।

सरगुजा मार्केट

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S., M.D., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हासिपटल, रायपुर
डॉ.दीपक अग्रवाल
हड्डी रोग विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
दिनॉक - 14 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.तुषार जैन
M.B.B.S, M.D (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टीबी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनॉक - 7 जुलाई 2024, दिन रविवार
समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 जुलाई, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
दिनांक 19 जुलाई 2024 दिन - शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी.
(बी.एच.यू.) वाराणसी
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ... डॉ बी.बी. कुमार MBBS, MD (Medicine) Rheumatology
छ ग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ... डॉ मनीष चौरसिया एम.सी.एच. न्यूरोसर्जन
रायपुर के सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ... डॉ निहार गुप्ता MBBS, MD FICH Hematologist
छ ग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक... डॉ गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ... डॉ पुष्पेन्द्र नायक गैस्ट्रोसर्जन
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ ग के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ.. डॉ अंशु शेखर MBBS, MS (Orthopaedic)
चर्म रोग, गुप्त रोग, कुष्ठ रोग, बालों एवं त्वचा शल्य चिकित्सक डॉ निश्चल श्रीवास्तव MD, Dermatology, Venereology & Leprology
छ ग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन... डॉ आशु जैन MS, MCH, FHU, Neurosurgery
07 जुलाई 2024
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
24/7 EMERGENCY SERVICE
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
AMBULANCE
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड , ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा ), एनेमिया (खून की कमी )
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ ), टाईफॉइड , निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन )
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द ), कमर दर्द , UTI (पेशाब में जलन ), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द )
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना )

2008 से संचालित
KRTC.CO.IN
ACCREDITED WITH GRADE B+ NAAC
के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध और उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
DCA | BCA | BSC BIO | BSC MATH | BSC COMPUTER SCIENCE | MCOM | MSW | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY
BCOM | BBA | BA | PGDBM | PGDCA | MSC MATH | MSC CS | MSC IT | MSC CHEMISTRY
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
प्रवेश के लिए कॉल करें : 8435061866, 9926020334, 9926513170
प्रवेश के लिए संपर्क करें : पं. शिवधारी कॉलोनी, फारेस्ट ऑफिस के पास, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर , सरगुजा, छत्तीसगढ़

3 Ambikapur-Bhoomi pg 3-0_Layout 1 7/3/2024 10:07 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### अग्निशमन केन्द्र परिसर स्थित शिवशक्ति मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा कल

**अम्बिकापुर।** अग्निशमन सेवा परिवार द्वारा अग्निशमन केन्द्र परिसन गौरव पथ में शिवशक्ति मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा 5 से 7 जुलाई तक होगा। आषाढ़ कृष्ण पक्ष आमावस्या, शुक्रवार प्रातः 8 बजे से मंडप प्रवेश, कलश यात्रा, बेदी पूजन, अग्नि स्थापना के साथ जप आरंभ किया जाएगा। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया है। आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा शनिवार की सुबह 8 बजे से बेदी पूजन, हवन, जलाधिवास, अन्नाधिवास, मिष्ठान्नाधिवास, पुष्पाधिवास के बाद भंडारा होगा। आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीय रविवार की सुबह 8 बजे से बेदी पूजन के बाद देवताओं का नगर भ्रमण, मंदिर प्रवेश, प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ, रूद्राभिषेक, पूजन, हवन, आरती, प्रसाद वितरण व भंडारा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन में मुख्य यजमान श्रीमति सुनीता कठुतिया, शिव कुमार कठुतिया, श्रीमति ललिता गुप्ता व जगनारायण गुप्ता होंगे।

### रामगढ़ मंदिर परिसर में सुविधाएं बढ़ाने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**उदयपुर।** रामगढ़ स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में विभिन्न मूलभूत सुविधा कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता राजेश के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि विकासखंड उदयपुर के रामगढ़ पहाड़ पर स्थित राम जानकी मंदिर तक पहुंच मार्ग में बदहाल स्थिति में है। सीढी एवं रेलिंग, पेयजल की स्थाई व्यवस्था, परिसर में ठहरने हेतु सामुदायिक भवन ,अधूरे सीढ़ी निर्माण कार्य एवं रेलिंग, चंदन मिट्टी तथा दुर्गा गुफा के पास रेलिंग सहित चंदन मिट्टी एवं दुर्गा गुफा पहुंच मार्ग में सीढ़ी आदि की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने समस्या का निराकरण किए जाने की मांग की है।

### सेवा की यादों को संजोने सेवानिवृत्त कोल कर्मी करा रहे पौधारोपण

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में कार्यरत प्रबंधक सिविल राजेश द्विवेदी व महाप्रबंधक कार्यालय के लिपिक ऐ डे खान द्वारा गत 29 जून शनिवार को कंपनी की सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। बिश्रामपुर कॉलरी में लंबे समय तक कार्य करने के बाद यहां की यादों से जुड़े रहने व श्री द्विवेदी ने पर्यावरण संरक्षण को उद्देश्य से अतिथि गृह बिश्रामपुर के समक्ष पीपल व नीम का पौधा रोपित किया।जबकि लिपिक डे खान ने वन बी कॉलोनी पोस्ट ऑफिस के पास बकाइन का पौधा रोपित किया।इसके अलावा सिविल विभाग में पदस्थ ओवरसियर जगरनाथ नंदी ने अपनी पत्नी के साथ अतिथि गृह के समक्ष बरगद का पौधा रोपित किया ,साथ ही सभी ने पौधों की सुरक्षा के लिए लोहे का ट्री गार्ड भी लगवाया है।



### नये कानूनों के बारे में हाट-बाजार में जनता को बता रही पुलिस



**धौरपुर।** पुलिस साप्ताहिक बाजार में लोगों के बीच जाकर नये कानूनों के बारे में उन्हें जागरूक कर रही है। पुलिस थाना में पदस्थ पुलिसकर्मियों ने मंगलवार को हाट-बाजार में जाकर लोगों को नये कानूनों की जानकारी दी साथ ही ग्रामीणों को अपने ग्राम के लोगों को कानूनों के बारे अवगत कराने का अह्वान किया। उप निरीक्षक आरएन पटेल ने ग्रामीणों को ठगी, लड़ाई-झगड़े नहीं करने विवादों से बचने की सलाह दी तथा नए कानूनों से अवगत कराया। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक रामधानी, आरक्षक सचिन सिन्हा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### सोनवाही में दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत, युवक घायल

**बिश्रामपुर।** प्रायवेट कार्य पूर्ण करके बाइक से वापस घर लौट रहे युवक की बाइक को अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी है। लटोरी पुलिस ने बताया कि अंबिकापुर संगम चौक निवासी 34 वर्षीय प्रार्थी अमन सर्राफ पिता घनश्याम गत दिनों 27 जून को अपने व्यक्तिगत काम से मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 ईसी 5184 से लटोरी आया हुआ था। यहां पर कार्य पूर्ण होने पर वापस बाइक से अपने घर लौट रहा था। तभी अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत सोनवाही में ढलान रोड स्थित ढाबा के पास अंबिकापुर तरफ से आ रहे अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रार्थी की बाइक को टक्कर मार दी जिससे प्रार्थी के हाथ व पैर में चोट आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## सेजस जयनगर में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

# बच्चों को बेहतर शिक्षा देने से होगा समाज व देश का विकास : देवधन




बच्चों को पाठ्यपुस्तक वितरण करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं जिनको अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। बच्चे जब बेहतर शिक्षा प्राप्त करेंगे तभी देश व समाज का विकास हो सकेगा। आज के परिवेश में अंग्रेजी माध्यम शिक्षा का अपना एक अलग ही महत्त्व है।

उक्त बातें शिवनंदनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया ने मंगलवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य आतिथ्य की आसंदी से व्यक्त करते हुए कही। शासन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के बेहतर अंग्रेजी शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से ही शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूलों का संचालन शुरू कराया गया है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों क्रमशः भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, सरपंच विजय सिंह, मो.सैफुल्लाह, सदस्य वेद प्रकाश मिश्र, परमिंदर कौर, साहिला बेगम, पंचायत सचिव सियाराम राजवाड़े, रोजगार सहायक किरनचंद,विद्यालय प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल, शासकीय आजाक हायर सेकेण्डरी स्कूल की प्राचार्या कलिस्ता अक्खड़, संजय मिश्रा, कृष्ण पाल बिंझिया, देवेंद्र सोनवानी का बैज लगाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।अतिथियों द्वारा यहां पर नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर एवं पुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया। साथ ही कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन श्रीमती अमृता सिंह एवं श्रीमती फिजा सदफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**कुसमी।** विधायक उदेश्वरी पैकरा के मुख्य आतिथ्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक एवं मिठाई खिलाकर, पुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने फीता काटकर सभी विद्यालय के बच्चों का स्वागत किया। विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि सभी बच्चे समय से विद्यालय आए तथा शिक्षक द्वारा दिए गए होमवर्क को पूरा करते हुए विद्यालय के शिक्षक सहित अपने माता पिता की बातो को मानते हुए अच्छे से पढ़ाई करने और सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेकर अच्छे नंबरों से पास होकर विद्यालय सहित माता पिता का नाम रोशन करें। विद्यालय द्वारा सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा से विद्यालय हेतु 6 मांग रखी गई जिसमे सभी मांगों को समय अनुसार पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत 1-1 हजार रूपए देकर बच्चो का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को सभी अतिथियों जनपद अध्यक्ष हुमंत सिंह पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष हरीश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य हिरामुनी निकुंज, अंकुश सिंह, जन्मजय सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, राजेश्वर गुप्ता, संजय जायसवाल , बालेश्वर राम, लक्ष्मण पैकरा, अशोक सोनी, विनोद गुप्ता , अजय प्रताप सिंह, नंदू कश्यप, इंद्रदेव निकुंज, सुनीता भगत, बसंती भगत, शशि भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

### चिटकाहीपारा कोट में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**सूरजपुर।** नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के साथ ही स्कूलों में चहल पहल होनी शुरू हो गई है। इस वर्ष भी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा। इसी तारतम्य में प्राथमिक व माध्यमिक शाला चिटकाहीपारा कोट में संकुल प्राचार्य कमल किशोर पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव व न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छाया चित्र पर दिप प्रज्वलित कर किया गया। नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। संकुल प्राचार्य ने बच्चों को खूब लगन व मेहनत से पढ़ाई के साथ अनुशासन में रहने, बड़ों का सम्मान करने की बात कही। संकुल समन्वयक शिवलाल सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के लाभ से बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन माध्यमिक शाला के शिक्षक सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े व आभार प्रदर्शन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक फूलसिंह द्वारा किया गया। इस दौरान शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष हीरालाल सिंह, सिरधारी सिंह, हीरा सिंह, ज्योति सिंह, मीना केवट, सुनीता सिंह, शिक्षक देवचंद सिंह, लक्ष्मी ठाकुर, प्रधान पाठक निर्मल प्रसाद सिंह, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला कोट राधेश्याम साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला को नागेन्द्र यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते ने नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगा कराया शाला प्रवेश




**पोड़ीमोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया तथा नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को गणवेश, पुस्तक का विवरण किया गया। श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि मनुष्य का सर्वांगीण विकास शिक्षा से ही होता है। हम शिक्षा के माध्यम से ही एक नई ऊंचाई तक पहुंच पाते हैं इसलिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को मन लगाकर अपनी जिम्मेदारी के साथ अध्यापन कार्य संपन्न करना होगा। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को मन लगाकर कर पढ़ाई करने की बात कही। इस दौरान अक्षय तिवारी, रामशरण कुशवाहा, शिवचरण नापित, मोतीलाल कुशवाहा, कामेश्वर पाठक, रामकुमार पटेल, रामप्रसाद बघेल, अरविन्द पटेल, कमल राजवाड़े, राजकुमार सिंह, बीईओ एमएस ध्रुव, प्राचार्य श्रीमती निशा तिवारी, इंद्रबली कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**शासकीय प्राथमिक शाला भुईयापारा सरहरी-** में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया और न्योता भोज का आयोजन चन्दन कुशवाहा द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत सरहरी के उप सरपंच उषा कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रावती कुशवाहा, अशोक नापित, शिवचरण नापित, विजयनारायन कुशवाहा, श्रीराम शांडिल्य, नंदा यादव, विकास कुशवाहा, अनुज कुशवाहा ने बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। अतिथियों ने बच्चों को गणवेश, पुस्तक वितरित की गई। उपसरपंच ने कहा शासन द्वारा निःशुल्क गणवेश, पुस्तक दी जा रही है जिससे कोई बच्चा पढ़ाई से वंचित न हो। प्रधान पाठक सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि 6 साल के बच्चों को शीघ्र पहली कक्षा में दाखिला दिलाने और शासन की महती योजना का लाभ सभी ले। इस दौरान प्रियंका राजवाड़े, स्नेहलता भगत, राधिका देवी, सुनीता मरकाम, संध्या मरकाम, शकुंतला कुशवाहा, राजकुमार पावले सहित अन्य उपस्थित थे।



### नेशनल पब्लिक स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**रामानुजगंज।** नेशनल पब्लिक स्कूल ग्राम अरगाही में शाला प्रवेश उत्सव प्राचार्य विजय कश्यप एवं संस्था के डायरेक्टर हाशमी के उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक एवं लेखन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य विजय कश्यप ने कहा कि नेशनल पब्लिक स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में संचालित उत्कृष्ट निजी शैक्षणिक संस्था है जहां पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां संचालित हो रही है। संस्था के डायरेक्टर हाशमी ने कहा कि 2006 से संस्था संचालित है, यहां से पढ़े बच्चे आज कई शासकीय नौकरी में है। बच्चे आगे चलकर उच्च शिक्षा में अच्छा कर रहे हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### पटना में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**रामानुजनगर।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन संकुल केंद्र पटना में किया गया। कक्षा पहली, कक्षा छठवीं, और कक्षा 9 वी के नवप्रवेशी छात्रों को मिष्ठान खिलाकर, तिलक लगाकर, माला पहनाकर अतिथियों ने स्वागत किया तथा निःशुल्क गणवेश और पाठयपुस्तक प्रदान किया। हाई स्कूल पटना के तीन छात्रों को दसवीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी, अध्यक्ष सरपंच श्रीमती विमला सिंह, विशिष्ट अतिथि संत कुमार साहू,मदन सारथी, मनोज साहू सहित अन्य लोगों ने स्कूल परिसर में पौध रोपण तथा 300 पौधे ग्रामीणों को वितरित किया। इस दौरान जगदीश सिंह,रामसिंह, महादेव सिंह, नारायण सिंह, संकुल प्राचार्य भगवान राम ठाकुर, संकुल समन्वयक रामविलास कुशवाहा, शिक्षक जगरसाय सिंह, नरेंद्र ठाकुर, विश्वनाथ सिंह, रुक्मणि सिंह, राजकुमार ठाकुर, विजय सिदार, पन्मेश्वर सिंह, प्रशांत गहिरे सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### न्योता भोज के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**भैयाथान।** विकासखंड अंतर्गत संकुल केन्द्र दर्रीपारा के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय तरका में शाला प्रवेशोत्सव सह न्योता भोज के साथ मनाया गया।शिक्षक तरुण सिंह तोमर ने शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन किया गया। सरपंच तेजबल सिंह ने विद्यार्थियों को तिलक लगा कर स्वागत किया। साथ ही बच्चों को मिठाई खिलाकर पाठय पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान सचिव सतीश तांडे, राम कुमार सिंह, देव प्रसाद, प्रशांत गुप्ता, अरुण तिर्की, रामानंद गुप्ता, मदन सिंह, अनुपमा गुप्ता, एसएमसी अध्यक्ष तथा सदस्य सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व स्कूली बच्चें उपस्थित रहे।




## महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने ली समीक्षा बैठक

**अधिकारियों को आंगनबाड़ी की सतत निरीक्षण करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज मंत्रालय महानदी भवन में महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों को प्रत्येक आंगनबाड़ी की सतत औचक निरीक्षण करने के निर्देशित की। उन्होंने हितग्राहियों को दिए जा रहे पोषण-आहार एवं अन्य सुविधाओं की नियमित जांच कर उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए विभागीय कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, संचालक सुश्री तूलिका प्रजापति सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने एकीकृत बाल विकास सेवाओं को धरातल में कारगर ढंग से सुलभ कराने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से भी क्षेत्र की महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। इस दिशा में सेवाओं को परिणामदायक बनाने हेतु जन जागरूकता लाने सहित सेवाओं की गुणवत्ता एवं सेवाओं के विस्तार के लिए प्रभावी पहल किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला बाल विकास विभाग की महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, रेडी-टू-ईट, नोनी सुरक्षा योजना, शुचिता योजना, बाल सन्दर्भ योजना का लाभ सभी हितग्राहियों को मिले। उन्होंने महतारी वंदन योजना की सभी पात्र हितग्राहियों के बैंक खाते को आधार कार्ड के लिंक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती, शिशुवती माताओं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं का नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और वजन लेने कहा। वहीं स्कूल पूर्व प्रारंभिक शिक्षा, पूरक पोषण आहार तथा पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा को परिणाममूलक बनाने के लिए संवेदनशीलता के साथ दायित्व निर्वहन किए जाने के निर्देश दिए। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में सही लाभार्थी को लाभ मिले इस बात की पारदर्शिता रखें। आवेदन प्राप्त कर अधिकारी उसका सत्यापन करें ताकि वास्तविक व्यक्ति को लाभ मिले।

## जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों का जायजा लेने पहुंचे अतिरिक्त कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

■ पूछे गए सवाल का बच्चों ने दिया सही जवाब

विकासखंड उदयपुर के दूरस्थ अंचल स्थित स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेने अतिरिक्त कलेक्टर सुनील नायक ग्राम बकोई और पेंडरखी पंचायत पहुंचे। उन्होंने बरसात के समय मौसम में मौसमी बीमारी से बचाव, राशन वितरण, स्वास्थ्य केंद्र एवं दवा,स्कूल में पेयजल, साफ सफाई, शौचालय, स्कूल भवन का जायजा लिया।

साथ ही शिक्षको की नियमित उपस्थिति के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों से सवाल भी पूछे। पेंडरखी स्कूल के बच्चों से 16.17 और 19 का पहाड़ा, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री के नाम, अंग्रेजी में नाम, पिता के नाम, क्लास के नाम पूछे तो बच्चों ने सही जवाब दिया। इस दौरान पटवारी दीपक पांडे, सचिव नारायण यादव, पंचायत इंस्पेक्टर श्री चौहान, पूर्व सरपंच अमर साय, रोजगार सहायक आदेश कुमार, शिक्षक सुनील कुमार यादव, सुगंध सिंह, प्रदीप कुजूर, श्रीमती कामख्या सिंह, साकेत शर्मा, कुमारी मंजुला यादव, विजय यादव, गोविंद लकड़ा, महेश राम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।




बच्चों से सवाल पूछते अतिरिक्त कलेक्टर।

**बिश्रामपुर-भटगांव रोड स्थित कई लाख रुपए खर्च कर नगर पंचायत द्वारा बनवाया गया था एनीकट**

## पहली बारिश में धसें एनीकट की नहीं हो सकी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



छठ घाट समीप लाखों रुपए की लागत से निर्माण कराए गए एनीकट के पहली बारिश में धंसकर क्षतिग्रस्त हो जाने उपरांत आज तक मरम्मत कार्य नहीं हो पाया है। क्षतिग्रस्त हुए एनीकट के अब तक मरम्मत कार्य नहीं होने से नगर पंचायत प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा कुछ समय पूर्व बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर स्थित पासंग नाला के पास छट घाट व एनीकट का निर्माण कार्य करीब उन्नीस लाख रुपए की लागत से कराया गया था। यहां पर निर्माण कार्य के दौरान विभागीय अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के अभाव में ठेकेदार द्वारा अमानक स्तर का कार्य कराए जाने की वजह से छट घाट के साथ ही यहां पर बनवाए गए एनीकट जो इस साल की पहली बारिश झेल नहीं पाया और 29 जून को हुई तेज बारिश के दौरान धँसकर क्षतिग्रस्त हो गया।स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त अमानक स्तर के निर्माण कार्य पर नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा संबंधित लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ अब तक कोई जांच कार्यवाही प्रारम्भ नहीं की गई जो कि चिंता का विषय है। एनीकट के क्षतिग्रस्त हो जाने से अब यहां पर पानी रोकने का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा छट घाट निर्माण के दौरान इस एनीकट का निर्माण कार्य इसलिए कराया गया था कि छट पूजा के दौरान उपासकों को पानी की सुविधा आसानी के साथ उपलब्ध हो सके, लेकिन अधिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से निम्न स्तर का कार्य कराया गया जिसकी सम्बंधित विभाग द्वारा कोई मॉनिटरिंग नहीं की गई ,ऐसे में शासकीय राशि का दुरुपयोग कर दिया गया।

### उद्योग स्थापित नहीं करने वाले उद्यमियों का भूमि आवंटन हो रद्द, उद्योग मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं कैट के अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को ज्ञापन सौंप उद्योग के लिए जमीन लेने के बाद निर्धारित समय में उद्योग स्थापित नहीं करने वाले उद्यमियों का आवंटन रद्द कर नए उद्यमियों को भूमि आवंटित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सरगुजा में अनेक व्यवसायी छोटे एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने के लिए उद्योग कार्यालय में आवेदन दिया है अम्बिकापुर में तीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं लेकिन कहीं भी नया उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है। तीनों औद्योगिक क्षेत्र की भूमि में उद्योग स्थापित करने हेतु व्यापारियों ने पूर्व में भूमि आवंटित कराया है परन्तु निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बाद उद्योग स्थापित नहीं किया गया है। भूमि का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा रहा है। नियम विरूद्ध तरीके से भूमि की खरीद-फरोख्त हो रही है जिसके कारण उद्योग स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। भूमि की उपलब्धता नहीं होने के कारण नये उद्योग स्थापित नहीं हो रहे हैं। कैट जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने उद्योग मंत्री श्री देवांगन से उद्योग स्थापित करने की समयावधि पूरा होने वाले उद्यमियों का आवंटन रद्द कर नए उद्यमियों को भूमि आवंटित करने की मांग की है। उद्योग मंत्री ने अपने अधिनस्थ अधिकारी को आवंटित भूमि में निर्धारित समयावधि में उद्योग स्थापित नहीं करने वाले उद्यमियों का आवंटन रद्द करने एवं नए उद्यमियों को भूमि आवंटित करने के निर्देश दिए है।



3 Ambikapur-Bhoomi pg 4-0_Layout 1 7/3/2024 10:05 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### छात्र अविनाश का राष्ट्रीय इंस्पायर प्रदर्शनी में चयन



**रामानुजनगर।** राज्य स्तर पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंस्पायर प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 9वीं के छात्र अविनाश सिंह ने अपने उत्कृष्ठ प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में अविनाश सिंह का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। अविनाश ने इंस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत कम खर्च में बिना बिजली से चलने वाला लकड़ी का ट्रेडमिल बनाया है जिसकी सहायता से ग्रामीण आसानी से व्यायाम कर सकते हैं। छात्र ने अपने मॉडल का श्रेय व्याख्याता और गाइड टीचर गोपाल सिंह को दी है। इंस्पायर अवार्ड मानक में पहली बार विकासखंड के अविनाश का चयन किया गया है।

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त होने वाले सेवकों को प्रदान किया पीपीओ

**सूरजपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय में आज सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा पीपीओ प्रदान किया गया। उनके द्वारा पेंशनरों को अपने विभाग में दी गई सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया और उज्जवल भविष्य एवं बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर द्वारा सभी कार्यालयों से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों का सेवानिवृत्ति तिथि को पीपीओ जारी हो सके, इसके लिए कोषालय अधिकारी को निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा प्रत्येक सप्ताह समय सीमा की बैठक में लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की जाती है। जिससे पेंशन प्रकरणों की निराकरण समय पर किया जा रहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर एवं कोषालय अधिकारी अनिल बारी उपस्थित थे।

### सरपंच ने जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों को बांटे छाता



**रामानुजनगर।** ग्राम पंचायत परशुरामपुर के सरपंच लाल केश्वर सिंह सरुता ने सभी 20 वार्ड के पंच एवं पटेल, गवटिया, बैगा, सुईन, कोटवार को छाता वितरण किया। बरसात के मौसम में गांव की सेवा करने के लिए बारिश के कारण पंच एवं पटेल, गवटिया, बैगा, सुईन, कोटवार को आने जाने में किसी प्रकार का परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए छाता भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। ताकि विषम परिस्थितियों ग्रामसेवक गांव के लोगों को सेवा दे सके। इस दौरान बली राम, रामप्रसाद मरकाम, मोहन पोया, देवप्रसाद, देवनाथ, पंच शेख मो. अनवरी, कवल साय, सकल सिंह, मनी पोया, जुगेश्वर मरावी, गिरधारी पंडों, आनंद पंडो, मानकुवर, राधा, परमेश्वरी, शांति, मुन्नी बाई, तालो बाई, नीतीश कुमार केवट सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### जगह-जगह बिक रही हड़िया शराब को पुलिस ने कराया बंद

**धौरपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग सभी हाट-बाजारों में इन दिनों सड़क किनारे बैठकर महिलाएं खुलेआम हड़िया शराब बेच रही हैं।



थाना प्रभारी आरएन पटेल ने कार्यभार संभालते ही मामले में सक्रियता दिखाई एवं मंगलवार को स्थानीय साप्ताहिक बाजार में सड़क किनारे खुलेआम बिक रहे हड़िया शराब का विक्रय बंद कराया। उन्होंने महिलाओं को कभी भी सड़क किनारे हड़िया शराब नहीं बेचने की कड़ी हिदायत भी दी है। लगभग एक वर्ष से साप्ताहिक बाजार धौरपुर, अमड़ी, बिल्हमा, करोली, ककनी, पटोरा में महिलाएं जगह-जगह सड़क किनारे हड़िया बेचते नजर आती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग चाव से हड़िया पीते नजर आते है। एक दुकानदार ने बताया कि हड़िया में मोदक डाला जाता है जिससे काफी नशा होता है। पहाड़ी कोरवा समुदाय के साथ ही अन्य जनजाति समाज के लोग हड़िया का अधिक उपयोग करते हैं। पके चावल को सड़ाकर हड़िया बनाई जाती है। बरसात के मौसम में हड़िया का उपयोग करने से डायरिया फैलने की संभावना रहती है। ऐसे में इसके खुले विक्रय एवं उपयोग पर रोक लगाना आवश्यक है।

### सोशल ऑडिट निकासी बैठक में उपस्थित रहें अधिकारी

**बैकुण्ठपुर।** महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत दो दिवसीय सोशल ऑडिट की निकासी बैठक सोनहत एवं बैकुंठपुर विकासखंड में 4 एवं 5 जुलाई को आयोजित की गई हैं। बैठक में सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों की उपस्थिति के लिए कलेक्टर एवं मनरेगा के जिला कार्यक्रम समन्वयक विनय कुमार लंगेह ने एक पत्र जारी कर सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि सोशल ऑडिट की टीम के द्वारा गत वित्तीय वर्ष में कराए गए सभी कार्यों का मैदानी अवलोकन कर स्थानीय जनों के साथ चर्चा कर रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें विभिन्न तरह के भुगतान और सामग्री का उपयोग आदि का विवरण भी उल्लेख किया गया है।

## ग्राम पंचायतों की मनमानी पर अधिकारियों ने साधी चुप्पी

# पहले अपात्र लोगों के नाम जारी किया फर्जी जॉब कार्ड, फिर पीएम आवास योजना के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अम्बिकापुर

**खास बात**
- पीएम आवास योजना को लगाई करोड़ों की चपत

विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत पीएम आवास योजना में हुई करोड़ों रूपए की हेराफेरी के मामले में प्रशासन जिस ब्लॉक समन्वयक को दोषी साबित करने की कोशिश कर रहा है उसका आईडी पासवर्ड जनपद सीईओ ने 18 जनवरी को ही सौंपने का फरमान दे दिया था। ब्लॉक समन्वयक का आईडी पासवर्ड लेने के बाद सीईओ ने ऑपरेटर से योजना का दूसरा आईडी पासवर्ड जेनरेट करा कार्यों का संपादन करा रहे हैं। ब्लाक समन्वयक 19 फरवरी 2024 को इसकी सूचना जिपं को भी दी।

विकासखण्ड मैनपाट में न केवल पीएम आवास योजना बल्कि पूर्व की इंदिरा आवास योजना में भी विकासखण्ड के अधिकारी-कर्मचारियों ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। वर्ष 2016 में पीएम आवास योजना प्रारम्भ होने के बाद ही योजना में अनियमितता की जा रही है। ग्राम पंचायतों की मिली भगत से चल रही इस गड़बड़ी को रोकने में नाकाम पूर्व के जनपद सीईओ हितग्राहियों का चयन होने के बाद प्रक्रिया को होल्ड कर देते थे। जिसके बाद हितग्राही अपना आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों का सत्यापन कराने पहुंचते थे। इस प्रक्रिया में हितग्राहियों के खाते में राशि पहुंचने में कुछ विलम्ब होता था लेकिन अपात्र लोगों के खाते में राशि जमा नहीं होती थी। पिछले कुछ सालों से हितग्राहियों का सत्यापन किए बिना ही आवास की किस्त खाते में जमा कर दी जा रही है जिसके कारण इस तरह की गड़बड़ी हो रही है। विकासखण्ड मैनपाट में हितग्राही मूलक योजनाओं का इतना बुरा हाल है कि गंभीरता से जांच हुई तो दर्जनों अधिकारी-कर्मचारियों की नौकरी संकट में पड़ जाएगी।

पीएम आवास योजना के हितग्राहियों की सूची एवं दस्तावेज ग्राम पंचायतें उपलब्ध कराती हैं। ग्राम पंचायतों के अनुमोदन के बाद ही हितग्राहियों के खाते में राशि जमा की जाती है। पीएम आवास हितग्रियों के पास मनरेगा का पंजीकृत जॉबकार्ड होना आवश्यक है। ग्राम पंचायतों ने बड़ी संख्या में अपात्रों के नाम जॉब कार्ड जारी कर दिया है। मनरेगा के जॉब कार्ड धारकों में न केवल दूसरे ग्राम पंचायत बल्कि छत्तीसगढ़ के दूसरे जिले सहित अन्य राज्यों के नागरिक भी शामिल है जिन्हें पीएम आवास की किस्त जारी की गई है। सूत्रों का कहना है कि गांव के पात्र लोगों के नाम दूसरे क्षेत्र के अपात्र लोगों को मनरेगा का जॉब कार्ड जारी कर इस तरह की गड़बड़ी को अंजाम दिया जा रहा है। गांव के हितग्राही के नाम दूसरे स्थान के अपात्र व्यक्ति का आधार कार्ड, बैंक खाता प्रस्तुत कर योजना का लाभ दे रहे हैं। नियमानुसार हितग्राहियों का चयन होने के बाद ग्राम पंचायतें उनका दस्तावेज उपलब्ध कराने के साथ ही सत्यापन करती हैं। मैनपाट की ग्राम पंचायतें कभी भी चयनित हितग्राहियों का न तो सत्यापन करती हैं न ही हितग्राहियों का दस्तावेज ही उपलब्ध कराती हैं। ऐसे में क्रियान्वयन के नाम पर अधिकारी-कर्मचारी योजना को पलीता लगा रहे हैं। योजना में गड़बड़ी की शिकायत पर जिपं स्वयं हितग्राहियों का परीक्षण साझा पासवर्ड से किस्त का आवंटन करता था। विकासखण्ड मैनपाट के ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत सैकड़ों अपात्र लोगों के नाम जॉब कार्ड जारी कर बड़े पैमाने पर आर्थिक गड़बड़ी की गई है।



योजना के तहत बन रहा पीएम आवास।

### नहीं मिलती मजदूरी की राशि

पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को किस्त में 1.30 लाख भुगतान करने के साथ 95 कार्यदिवस की मजदूरी भुगतान की जाती है। दूसरे अपात्र व्यक्ति के नाम मनरेगा का जॉब कार्ड जारी होने के कारण पीएम आवास के हितग्राहियों को मजदूरी की राशि नहीं मिलती। हितग्राहियों का कहना है कि योजना के किसी भी हितग्राही को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। इसकी तस्दीक हितग्राहियों से की जा सकती है। शासन द्वारा बड़ी संख्या में फर्जी जॉब कार्ड निरस्त करने के कारण पात्र हितग्राही सुविधा से वंचित है।

### पीएम जनमन योजना में भी गड़बड़ी

विकासखण्ड मैनपाट में पहाड़ी कोरवा समुदाय के लिए संचालित पीएम जनमन योजना में भी भारी गड़बड़ी की गई है। योजना के तहत ऐसे हितग्राहियों का चयन किया गया है जिन्हें पूर्व में पीएम आवास का लाभ दिया जा चुका है। ग्राम पंचायत पेंट में दूसरे समुदाय के लोगों का चयन किया गया है वहीं ग्राम पंचायत कोट एवं कंदनई के कई हितग्राहियों को दोबारा योजना का लाभ दिया गया है। एक ही परिवार में पति-पत्नी को भी योजना की राशि जारी की गई है। वर्ष 2021 के छूटे हितग्राहियों की सूची जो ग्रामसभा में पारित कर अपीलीय समिति के माध्यम से राज्य शासन से स्वीकृत कराई गई है उसमें अविवाहित एवं एक हजार से अधिक अपात्र लोगों को शामिल किया गया है। मामले में सैकड़ों प्रभावी लोगों के शामिल होने के कारण प्रशासन भी जांच के नाम पर खानापूर्ति कर इसे दबाने की कोशिश कर रहा है।

### वसूली भी नहीं संभव

जनपद के अधिकारी दूसरे खातों में ट्रांसफर की गई पीएम आवास की राशि की वसूली करने का दावा कर रहे हैं लेकिन नियमानुसार इस राशि की वसूली भी संभव नहीं है। भले ही गलत पहचान पत्र के आधार पर अपात्र लोगों के खाते में राशि जारी की गई है लेकिन सभी अपात्र वर्षों पूर्व से मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक हैं एवं मनरेगा का पंजीकृत जॉब कार्ड हासिल होने के कारण वे हितग्राही हैं फर्जीवाड़े से ही सही ये पीएम आवास के लिए पात्र भी हैं। ग्राम पंचायतों एवं जनपद पंचायत द्वारा वर्षों से किए जा रहे फर्जीवाड़े के कारण प्रशासन को वसूली की कार्रवाई के लिए सालों कड़ी मशक्कत करनी पड़ सकती है। सबसे बड़ी बात है कि करोड़ों रूपए के इस फर्जीवाड़े की जिम्मेदारी तय करने प्रशासन कोई पहल नहीं कर रहा है।

### नहीं है संज्ञान में

इस तरह की गड़बड़ियां मेरे संज्ञान में नहीं है। संज्ञान में आने के बाद मैं लगातार कार्रवाई कर रहा हूं। मेरे कहने पर ब्लॉक समन्वयक द्वारा आईडी पासवर्ड देने का आरोप गलत है।

**-अमन यादव**
जनपद सीईओ, मैनपाट



कैरियर काउंसलिंग की कार्यशाला को संबोधित करते कलेक्टर।

# सफलता का नहीं होता कोई शॉर्टकट : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अम्बिकापुर

- अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को दिया यूपीएससी एवं पीएससी की परीक्षा का मार्गदर्शन

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में बुधवार को कैरियर काउंसलिंग की कार्यशाला कलेक्टर विलास भोस्कर के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य प्रो.रिजवान उल्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता सीएसपी रोहित शाह एवं डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक थे। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री भोस्कर ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। कड़ी मेहनत और लगन से जीवन में कोई भी मंजिल प्राप्त किया जा सकता है। हमें जीवन में किसी अभाव को बाधा नहीं मानना चाहिए। बाधाएं हमारे लिये अवसर पैदा करती है। एक बार हम लक्ष्य को निर्धारित कर कठिन परिश्रम करने लगे तो प्रकृति भी हमें लक्ष्य प्राप्त करने में सहयोग देती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब भी दिया।

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सीएसपी रोहित शाह ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल परीक्षा में सफलता प्राप्त करने की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें नियमित अखबारों को पढ़ना चाहिए। इससे हमारी विश्लेषण क्षमता बेहतर होती है। हमें तैयारी के दौरान समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। परीक्षा के दौरान थोड़ा बहुत तनाव होना स्वाभाविक है। इसे अपने हॉवी से दूर करें और सतत प्रयास करते रहें। डिप्टी कलेक्टर नीरज कौशिक ने राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता अर्जित करने की रणनीति पर चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पाठ्यक्रम को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि हमें प्रारंभिक परीक्षा को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि यह परीक्षा में सफलता आगे बढ़ने के लिए जरूरी है। हमें मुख्य परीक्षा हेतु निरंतर उत्तर लिखने का अभ्यास करना चाहिए। प्राचार्य प्रो.रिजवान उल्ला ने कहा कि हर विद्यार्थी को लक्ष्य हासिल करने के लिए अपना सर्वोत्तम प्रयास करना चाहिए। धैर्यपूर्वक निरंतर प्रयास करने से भले ही देर हो लेकिन सफलता अवश्य मिलती है। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के एक हजार विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पीजी कॉलेज के छात्र दिव्यांश दुबे एवं आभार ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ.उमेश कुमार पाण्डेय ने किया।

# एमएलए कोचिंग में 50 सीट, दाखिला लेने 12 सौ ने दी परीक्षा

- व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे विधायक, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कराई जाएगी नि:शुल्क तैयारी

**सीतापुर।** क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित होने वाले एमएलए कोचिंग सेंटर में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में कुल 12 सौ अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया।



इस दौरान विधायक राम कुमार टोप्पो ने एसडीएम रवि रही व अन्य अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया व परीक्षा व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की। बता दें कि एमएलए कोचिंग में प्रतिवर्ष 50 बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए विद्यार्थियों का चयन परीक्षा के माध्यम से किया जा रहा है। चयनित विद्यार्थियों को एमएलए कोचिंग में निःशुल्क पढ़ाई कराई जाएगी जहां अनुभवी शिक्षकों द्वारा सभी प्रतिभागियों की तैयारी कराई जाएगी। विधायक राम कुमार टोप्पो ने बताया कि शिक्षा को लेकर उनका उद्देश्य स्पष्ट है और वे शिक्षा को सर्व सुलभ और सार्वभौमिक बनाना चाहते हैं ताकि क्षेत्र के गरीब पिछड़े और वंचित लोगो को भी शिक्षा प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कई ऐसे प्रतिभावान छात्र है जो आर्थिक अभाव के कारण अपने सपनो को साकार नही कर सकते। ऐसे बच्चों के लिए बड़े शहरों में कोचिंग कर पाना एक सपने जैसा होता है। आगामी दिनों में ये निःशुल्क कोचिंग सेंटर का अपना भवन होगा जहां अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अनुभवी शिक्षकों द्वारा कोचिंग कराई जाएगी।

# घर से निकले दो किशोरों का तीसरे दिन भी नहीं चला पता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिश्रामपुर

- परिजन रिश्तेदारों के घर सम्पर्क कर पतासाजी में जुटे

सोमवार की सुबह निकले नाबालिग स्कूली बच्चों का तीसरे दिन भी कोई पता नहीं चल सका है। नाबालिग बच्चों की तलाश में पुलिस कई जगह के सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में जुटी है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) का अपराध दर्ज किया है। बताया गया कि माइनर्स कॉलोनी समीप स्वामी विवेकानंद स्कूल के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत दोनों छात्र क्रमशः सौरभ महाराणा पिता संतोष महाराणा 13 वर्ष व रोहित गुप्ता पिता नरेश गुप्ता 15 वर्ष सोमवार को प्रातः घर से बैग लेकर स्टेडीयम मॉर्निंग वॉक करने की बात कह कर निकले थे। देर शाम तक दोनों के वापस घर नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश करने लगे, इस दौरान कुछ पता नहीं लगने पर बिश्रामपुर थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर बच्चो की तलाश के लिए स्कूल प्रबंधन सहित रिश्तेदारों व उनके स्कूली मित्रो से पूछताछ की लेकिन तीसरे दिन भी दोनो छात्रों का पता नही चला।

इस दौरान मित्रो से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि दोनो बच्चे पुरी जाने की बात कर रहे थे उनके पास 9 सौ रूपये होने की जानकारी मिली, जिसके आधार पर पुलिस उनके घर के आसपास स्टेशन बस स्टैंड की सीसी टीवी फुटेज खंगाले में जुटी है। एक सीसी टीवी फुटेज में दोनो बच्चे प्रातः 4.20 बजे बैग टांगे बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर पैदल जाते दिखें हैं। बच्चों के पास मोबाइल नही होने से उनका सटीक लोकेशन प्राप्त नहीं हो रहा है और ना ही बच्चे परिजन के संपर्क में हैं। पुलिस छात्रों के साथियों के बयान के आधार पर पुरी पुलिस से संपर्क साध रही है। बताया गया कि गायब छात्र सौरभ महाराणा का घर उड़ीसा में है, दूसरा छात्र पटना बिहार का मूल निवासी है। दोनो बच्चो के मूल निवास के परिजन से संपर्क कर बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

## चोरों ने पोस्ट ऑफिस का ताला तोड़ पार किया पार्सल, नहीं तोड़ सके लॉकर

**डांड़गांव।** चोरों ने मंगलवार की रात को पोस्ट ऑफिस का ताला तोड़कर कुछ पार्सल चोरी कर ले गए जबकि चोर लॉकर को तोड़ने में असफल रहे। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार एनएच 130 किनारे स्थित पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों ने मंगलवार को आफिस बंद घर चल दिए। इसी बीच देर रात चोरों ने न सिर्फ धावा बोला बल्कि ताला तोड अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने बड़े ही आराम से पार्सल और दस्तावेजों को खंगाला है और लॉकर को खोलने की कोशिश की गई परंतु असफल रहे। चोरों ने ऑफिस के दोनों अलमारी को भी खोलकर उसमें रखे कागजों को बिखेर दिया। इधर लाकर को खोलने के लिए चोरों ने आधा दर्जन से अधिक अलग अलग चाभियों का प्रयोग किया। जब लॉकर नहीं खुला तो लोहे के स्पोक का प्रयोग भी किया गया है परंतु लॉकर को खोल नहीं सके। सुबह जब कर्मचारी ऑफिस पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। पोस्ट ऑफिस में चोरी होने की सूचना कर्मचारियों ने तत्काल उच्च अधिकारियों को दी। उदयपुर पोस्ट ऑफिस प्रभारी बिजेंद्र सोनी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक कुमारी चंद्राकर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। डाकघर प्रभारी ने बताया कि पोस्ट ऑफिस में कितने पार्सल की चोरी हुई है और कितने का नुकसान हुआ यह दस्तावेजों के मिलान के पश्चात ही पता लग सकेगा। शुरुआती तौर पर लगभग 7 हजार रुपए के पार्सल चोरी की बात सामने आ रही है। बहरहाल पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



### चयनित अग्निवीरों का प्रशिक्षण पंजीयन 30 तक

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में 8426 भावी अग्निवीरों का चयन लिखित परीक्षा में हुआ है। भारतीय सेना में भगीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ जिले में होने की संभावना है। जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में अधिक संख्या में लाभ देने के उद्देश्य से निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाना है। निःशुल्क प्रशिक्षण में शामिल होने हेतु जिले के जो लिखित परीक्षा में पास कर लिए है, वे अपना शारीरिक प्रशिक्षण हेतु पंजीयन 30 जुलाई तक रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर करा ले।

# आंबा परिसर में खुला चेम्बर बच्चों के लिए बना खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिहारपुर

आंगनबाड़ी परिसर में टंकी से पानी आपूर्ति के लिए ठेकेदार द्वारा तैयार किया गया खुला चेम्बर कभी भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है।

ग्राम पंचायत महुली स्थित आबां परिसर में 60 हजार लीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण किया गया है। टंकी से गांव में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। ठेकेदार ने पानी आपूर्ति करने वाल्व के लिए गहरा चेम्बर बनाया है। जो लम्बे समय से खुला है। ठेकेदार द्वारा चेम्बर को बंद करने आंबा भवन के सामने स्लैब तैयार कर छोड़ दिया गया है जिससे बच्चे चोटिल हो रहे हैं। अब नियमित आंबा केन्द्र में छोटे बच्चे पहुंच रहे हैं।



चेम्बर के खुले होने के कारण हमेंशा बच्चों के गिरने का भय बना रहता है। खेलने के दौरान बच्चों के चेम्बर में गिरने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने तत्काल खतरनाक चेंबर को व्यवस्थित करने की मांग की है।

# वन विभाग की टीम ने 200 नग खैर लट्ठा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रामानुजगंज

- जंगल में तस्करी के लिए छिपा कर रखा गया था खैर लकड़ी

वन परिक्षेत्र धमनी अंतर्गत ग्राम सुंदरपुर में सड़क से करीब डेढ़ सौ मीटर अंदर जंगल में तस्करी के लिए छिपा कर रखे बड़ी संख्या में खैर के लकड़ी वन विभाग की टीम ने जब्त किया। स्थानीय ग्रामीण की सूचना पर वन विभाग की टीम ने लकड़ी को कार्यालय रखा है। जब्त लकड़ी 11.235 घन मीटर बताई जा रही है जिनकी संख्या 200 है और उसकी कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है।

गौरतलब है कि सुंदरपुर जंगल में छिपा कर बड़ी संख्या में खैर की लकड़ी रखी गई थी। जब ग्रामीणों ने देखा तो तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर लकड़ी को जब्त किया। खैर की लकड़ी को छिपा कर अंतरराज्य तस्करों द्वारा कुछ स्थानीय लोगों के सहयोग से गांव-गांव में जाकर खरीद कर एक जगह एकत्र किया था। तस्करों के उठाने के पूर्व ग्रामीणों की नजर पड़ गई जिसके बाद वन विभाग की टीम ने खैर लकड़ी को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि सुंदरपुर में खैर की इतनी लकड़ी नहीं है इसे धमनी, गड़गोड़ी सहित अन्य स्थानों से लाकर जमा किया गया था। खैर का पेड़ जंगलों से लुप्त हो गए इसका कारण है औषधीय गुण कत्था बनाने और चमड़ा उद्योग में उपयोग के लिए मांग होने की वजह है। उत्तर प्रदेश में काफी महंगे दाम पर खैर की लकड़ी बिकती है इसे किलो के भाव में लेते हैं। खैर पेड़ की हमेशा मांग बनी रहती है जिसका तस्कर इसका मुंह मांगा कीमत देने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं ग्रामीणों को पैसा देकर यह पेड़ कटवा लेते हैं।



लकड़ी जब्त करती वन विभाग की टीम।

### ग्रामीण के घर के बाहर मिला 42 नग खैर लकड़ी

ग्राम बिशुनपुर के राम लखन आ. वासुदेव सिंह के घर के बाहर रखा 42 नग खैर का लकड़ी को वन विभाग की टीम ने जब्त किया है जब्त लकड़ी 1.894 घन मीटर है। ग्रामीण ने बताया कि इलाज के लिए पैसा की जरूरत थी इसलिए अपने जमीन से काटकर बेचा था। लकड़ी अभी उठा नहीं था इस कारण घर के बाहर रखा हुआ था।

### तहसीलदार को दी गई है सूचना

जंगल व ग्रामीण के घर के सामने से बड़ी संख्या में खैर लकड़ी को जब्त किया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए तहसीलदार को सूचना दी गई है।

**-अजय वर्मा, रेंजर**

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736